**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) _____

   (Name) _____

2. (Signature) _____

   (Name) _____

**OMR Sheet No. :** .....
(To be filled by the Candidate)

**Roll No.** | | | | | | | | |
(In figures as per admission card)

**Roll No.** _____
(In words)

**N 0 9 3 1 7**

# PAPER - II
# TOURISM ADMINISTRATION AND MANAGEMENT

**Time : 1¼ hours]** **[Maximum Marks : 100**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the Test Booklet Number should be entered on the OMR Sheet and the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (1), (2), (3) and (4). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** ① ② ● ④ where (3) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark your response at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There are no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी। पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए पुस्तिका पर लगी कागज की सील को फाड़ लें। खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं। दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें। इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे। उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा।**
   (iii) इस जाँच के बाद प्रश्न-पुस्तिका का नंबर OMR पत्रक पर अंकित करें और OMR पत्रक का नंबर इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (1), (2), (3) तथा (4) दिये गये हैं। आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है।
   **उदाहरण :** ① ② ● ④ जबकि (3) सही उत्तर है।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पुस्तिका के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं। यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें। हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही प्रयोग करें।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक ( कैलकुलेटर ) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा।

## TOURISM ADMINISTRATION AND MANAGEMENT
## PAPER - II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are **compulsory.**

**1.** Who is the Director General of United Nations Educational Scientific and Cultural Organization ?

(1) Gloria Guevara Manzo (2) Taleb Rifai
(3) Sarah Mathews (4) Irina Bokova

**2.** Match the items in **List - I** with those in **List - II** and select the correct answer using the code below :

| **List - I (UNWTO Declaration)** | **List - II (Theme)** |
|---|---|
| (a) The Malé Declaration, 1997 | (i) Accessible Tourism |
| (b) The Khiva Declaration, 1999 | (ii) Sustainable Tourism Development |
| (c) The San Marino Declaration, 2014 | (iii) Cultural Tourism and Poverty Alleviation |
| (d) The Hue Declaration, 2004 | (iv) Tourism and The Preservation of Cultural Heritage |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**3.** In which year PATA India Chapter was established ?

(1) 1976 (2) 1971 (3) 1974 (4) 1972

**4.** Match the items in **List - I** with those in **List - II** and select the correct answer using the code below :

| **List - I (Book)** | **List - II (Author)** |
|---|---|
| (a) Hosts and Guests : The Anthropology of Tourism | (i) J. Urry |
| (b) The Encyclopedia of Tourism | (ii) B. Boniface and C. Cooper |
| (c) Sociology Beyond Societies Mobilities for the 21st Century | (iii) V.L. Smith |
| (d) World Wide Destinations : The Geography of Travel and Tourism | (iv) J. Jafari |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

## पर्यटन प्रशासन एवम् प्रबन्धन
## प्रश्नपत्र - II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं। **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

**1.** संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन के महानिर्देशक कौन हैं?

(1) ग्लोरिया ग्येवारा मांजो (2) तलेब रिफाई

(3) सारा मैथ्यूज (4) इरीना बोकोवा

**2.** **सूची - I** में दिए गए मदों को **सूची - II** में दिए गए मदों के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें।

| **सूची - I (यू एन डब्ल्यू टी ओ घोषणा)** | **सूची - II (विषय)** |
|---|---|
| (a) माले घोषणा, 1997 | (i) सुलभ पर्यटन |
| (b) खीवा घोषणा, 1999 | (ii) सतत पर्यटन विकास |
| (c) सेन मारियो घोषणा, 2014 | (iii) सांस्कृतिक पर्यटन और गरीबी उपशमन |
| (d) ह्यू घोषणा, 2004 | (iv) पर्यटन और सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (2) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

**3.** किस वर्ष भारत के पी ए टी ए (पाटा) के भारतीय शाखा की स्थापना हुई थी?

(1) 1976 (2) 1971 (3) 1974 (4) 1972

**4.** **सूची - I** में दिए गए मदों को **सूची - II** में दिए गए मदों से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें।

| **सूची - I (पुस्तक)** | **सूची - II (लेखक)** |
|---|---|
| (a) हॉस्टस् एण्ड गेस्टस् : द एन्थ्रोपोलॉजी ऑफ टूरिज्म | (i) जे. यूरी |
| (b) इनसाइक्लोपीडिया ऑफ टूरिज्म | (ii) बी. बोनीफेस और सी कूपर |
| (c) सोसियोलॉजी बियॉन्ड सोसाइटिज मोबिलिटिज फॉर द 21स्ट सेंचुरी | (iii) वी.एल. स्मिथ |
| (d) वर्ल्डवाइड डेस्टीनेशन्स : द जिओग्राफी ऑफ ट्रावेल एण्ड टूरिज्म | (iv) जे. जाफारी |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (2) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |

5. Consider the following statements for Space Tourism :

(a) Tourism Activity that takes place beyond 100 km (62 miles) from the earth's surface is known as Astro tourism.

(b) Space Adventures and Virgin Galactic are companies dealing with space tourism.

Which of the statements given above is/are **correct** ?

(1) (a) only (2) (b) only

(3) Both (a) and (b) (4) Neither (a) Nor (b)

6. Match items from **List - I** with items in **List - II**. Select the correct answer using the code given below :

| | **List - I (Key Person)** | | **List - II (Hotel Chain)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Dr. Jyotsan Suri | (i) | Apeejay Surendra Park Hotels |
| (b) | Ms. Priya Paul | (ii) | The Leela Hotels |
| (c) | Late Capt. C.P. Krishnan Nair | (iii) | Indian Hotel Co. Ltd |
| (d) | Late Jamsetji Tata | (iv) | The Lalit Hotels |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

7. Puree, Velouté, Cream, Bisque and Chowder are examples of :

(1) Thick Soups (2) Cold Soups

(3) International Soups (4) Clear Soups

8. Which of the following can **not** be considered as condiments, herb or spice used in Indian Cuisine ?

(1) Cumin (2) Wild Mangosteen

(3) Marjoram (4) Colocasia

9. HACCP Certification in Hotels Stands for :

(1) Hazard Analysis and Critical Control Points

(2) Hazard Analysis and Crucial Control Points

(3) Health Analysis and Critical Control Points

(4) Health Analysis and Crucial Control Points

5. अन्तरिक्ष पर्यटन से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(a) पृथ्वी की सतह से 100 कि.मी. (62 मील) से ऊपर होने वाले पर्यटन कार्यकलाप अन्तरिक्ष पर्यटन के रूप में जाने जाते हैं।

(b) स्पेस एडवेंचर और वर्जिन गेलेक्टीक कम्पनियाँ अन्तरिक्ष पर्यटन से संबंधित हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा कथन **सही** है/हैं ?

(1) केवल (a) (2) केवल (b)

(3) (a) और (b) दोनों (4) न ही (a) और न ही (b)

6. **सूची - I** में दिए गए मदों को **सूची - II** के मदों से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I (प्रमुख व्यक्ति)** | **सूची - II (होटल श्रृंखला)** |
|---|---|
| (a) डॉ. ज्योत्सना सूरी | (i) एपीजे सुरेन्द्र पार्क होटल |
| (b) सुश्री प्रिया पॉल | (ii) लीला होटल |
| (c) स्व. कैप्टेन सी.पी. कृष्णन नायर | (iii) इंडियन होटल कम्पनी लिमि. |
| (d) स्व. जमशेदजी टाटा | (iv) ललित होटल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iv) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |
| (4) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |

7. प्यूरी, वलूते, क्रीम, बिस्क और शाउडर किसके उदाहरण हैं ?

(1) गाढ़ा सूप (2) ठंडा सूप

(3) अन्तर्राष्ट्रीय सूप (4) पारदर्शी सूप

8. निम्नलिखित में से किसे भारतीय क्विजीन में प्रयुक्त होने वाले कोन्डीमेंट, हर्ब या मसाला नहीं माना जा सकता है ?

(1) 'क्यूमिन' (2) 'वाइल्ड मेन्गोस्टेन'

(3) 'मारजोरम' (4) 'कोलकेसिया'

9. होटलों में एच.ए.सी.सी.पी. प्रमाणन का तात्पर्य है :

(1) हजार्ड अनालाइसिस एण्ड क्रिटिकल केंट्रोल प्वाइन्टस्

(2) हजार्ड अनालाइसिस एण्ड क्रूशियल कंट्रोल प्वाइन्टस्

(3) हेल्थ अनालाइसिस एण्ड क्रिटिकल केंट्रोल प्वाइन्टस्

(4) हेल्थ अनालाइसिस एण्ड क्रूशियल कंट्रोल प्वाइन्टस्

**10.** Which would be considered as "Mobile Lodging" ?

(a) Rotels (b) Caravans

(c) Cruise lines (d) Hospices

**Code :**

(1) (a), (b) and (c) are correct (2) (a), (c) and (d) are correct

(3) (a) and (b) are correct (4) (a), (b) and (d) are correct

**11.** Which of the following is the IATA code for Chiang Mai International Airport ?

(1) CMA (2) CNX (3) CNY (4) CMI

**12.** Which of the following is the IATA code for Spice Jet ?

(1) SJ (2) SE (3) ST (4) SG

**13.** Global Distribution Systems (GDS), were created by Airlines to facilitate travel agents and others to make online Bookings. In the following two lists the names of the Airlines and code are given. The Lists follow the code. Choose the correct code for the Airlines :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | DELTA | (i) | SU |
| (b) | LUFTHANSA | (ii) | OZ |
| (c) | ASIANA | (iii) | LH |
| (d) | AEROFLOT | (iv) | DL |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

**14.** Match the items in **List - I** with those in **List - II** and select the correct answer using the code below :

| | **List - I (Name of Airport)** | | **List - II (Country)** |
|---|---|---|---|
| (a) | Charles de Gaulle International | (i) | Thailand |
| (b) | Suvarnabhumi | (ii) | Japan |
| (c) | Leonardo Da Vinci International | (iii) | France |
| (d) | Narita International | (iv) | Italy |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

10. किसे ''मोबाइल लॉजिंग'' माना जाता है ?

(a) रॉटेल्स (b) कारावान

(c) क्रूज लाइन्स (d) हॉस्पाइसेस

**कूट :**

(1) (a), (b) और (c) सही हैं (2) (a), (c) और (d) सही हैं

(3) (a) और (b) सही हैं (4) (a), (b) और (d) सही हैं

11. निम्नलिखित में से चियांग माई अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का आई ए टी ए कोड क्या है ?

(1) सी एम ए (2) सी एन एक्स (3) सी एन वाई (4) सी एम आई

12. निम्नलिखित में से स्पाइस जेट का आई ए टी ए कोड क्या है ?

(1) एस जे (2) एस ई (3) एस टी (4) एस जी

13. ट्रेवल एजेंटों तथा अन्य द्वारा ऑनलाइन बुकिंग को सुविधा जनक बनाने के लिए एयरलाइंस द्वारा वैश्विक वितरण प्रणाली (जी डी एस) की स्थापना की गई है। निम्नलिखित दो सूचियों में एयरलाइंस के नाम और कूट दिए गए है। सूचियों के बाद कूट दिए गए हैं। एयरलाइंस के लिए सही कूट चुनिए :

| **सूची - I** | **सूची - II** |
|---|---|
| (a) डेल्टा | (i) एस यू |
| (b) लुफ्थांसा | (ii) ओ ज़ेड |
| (c) एशियाना | (iii) एल एच |
| (d) एयरोफ्लोट | (iv) डी एल |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |

14. **सूची - I** में दिए गए मदों को **सूची - II** के मदों से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I**<br>**( हवाई अड्डों के नाम )** | **सूची - II**<br>**( देश )** |
|---|---|
| (a) चार्ल्स द गॉल अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | (i) थाईलेण्ड |
| (b) सुवर्णभूमी | (ii) जापान |
| (c) लियोनार्डो द विंचि अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | (iii) फ्रांस |
| (d) नरिता अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा | (iv) इटली |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

**15.** A United Nations specialized agency established by the 1944 Chicago Convention with the objective "to develop the principles and techniques of international air navigation and to foster the planning and development of international air transport" is the following organization :

(1) International Civil Aviation Organization

(2) International Air Transport Association

(3) International Flight Service Association

(4) Airlines International Representation in Europe

**16.** Which of the following temples have been inscribed on the UNESCO World Heritage List ?

(a) Natraja Temple at Chidambaram

(b) Brihadisvara Temple at Thanjavur

(c) Brihadisvara Temple at Gangaikondacholisvaram

(d) Airateshvara Temple at Darasuram

**Code :**

(1) (a) and (b) only (2) (b), (c) and (d) only

(3) (a), (b) and (d) only (4) (a), (c) and (d) only

**17.** Which of the following is **correct** itinerary for Mahaparinirvana Express ?

(1) Delhi - Bodhgaya - Sanchi - Varanasi - Kushinagar - Lumbini - Sravasti - Agra - Delhi

(2) Delhi - Bodhgaya - Nalanda / Rajgir - Varanasi / Sarnath - Kushinagar - Lumbini - Sravasti - Agra - Delhi

(3) Delhi - Sanchi - Bodhgaya - Varanasi - Kushinagar - Sravasti - Agra - Delhi

(4) Delhi - Bodhgaya - Nalanda / Rajgir - Varanasi / Sarnath - Ajanta - Sravasti - Agra - Delhi

**18.** Match the items in **List - I** with those in **List - II** and select the **correct** answer using the code below the lists :

| | **List - I** (Name of Organization) | | **List - II** (Year of Establishment) |
|---|---|---|---|
| (a) | TAAI | (i) | 1982 |
| (b) | IATA | (ii) | 1947 |
| (c) | ICAO | (iii) | 1951 |
| (d) | IATO | (iv) | 1945 |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

15. अन्तर्राष्ट्रीय हवाई संचालन के सिद्धांतों और तकनीकों को विकसित करने और अन्तर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन के नियोजन और विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 1944 के शिकागो सम्मेलन द्वारा संयुक्त राष्ट्र की एक विशेषकृत एजेन्सी स्थापित की गई थी। निम्नलिखित में से किस संगठन का उल्लेख किया गया है।

(1) इंटरनेशनल सिविल एविएशन ऑर्गेनाइजेशन
(2) इंटरनेशनल एयर ट्रांस्पोर्ट एसोसिएशन
(3) इंटरनेशनल फ्लाइट सर्विस एसोसिएशन
(4) एयरलाइन्स इंटरनेशनल रिप्रजेंटेशन इन यूरोप

16. निम्नलिखित में से कौन से मंदिर को यूनेस्को विश्व विरासत स्थलों में शामिल किया गया है?

(a) चिदम्बरम का नटराज मंदिर
(b) तंजावुर का बृहदेश्वर मंदिर
(c) गंगईकोंडा चोलीश्वरम का बृहदेश्वर मंदिर
(d) दारासुरम का ऐरातेश्वर मंदिर

**कूट :**

(1) केवल (a) और (b)
(2) केवल (b), (c) और (d)
(3) केवल (a), (b) और (d)
(4) केवल (a), (c) और (d)

17. महापरिनिर्वाण एक्सप्रेस का **सही** यात्रा क्रम निम्नलिखित में से क्या है?

(1) दिल्ली – बोधगया – साँची – वाराणसी – कुशीनगर – लुम्बनी – श्रावस्ती – आगरा – दिल्ली
(2) दिल्ली – बोधगया – नालान्दा/राजगीर – वाराणसी/सारनाथ – कुशीनगर – लुम्बनी – श्रावस्ती – आगरा – दिल्ली
(3) दिल्ली – साँची – बोधगया – वारणसी – कुशीनगर – श्रावस्ती – आगरा – दिल्ली
(4) दिल्ली – बोधगया – नालान्दा/राजगीर – वाराणसी/सारनाथ – अजन्ता – श्रावस्ती – आगरा दिल्ली

18. **सूची – I** में दिए गए मदों को **सूची – II** में दिए गए मदों से सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन करें :

| | **सूची – I (संगठन का नाम)** | | **सूची – II (स्थापना वर्ष)** |
|---|---|---|---|
| (a) | टी ए ए आई | (i) | 1982 |
| (b) | आई ए टी ए | (ii) | 1947 |
| (c) | आई सी ए ओ | (iii) | 1951 |
| (d) | आई ए टी ओ | (iv) | 1945 |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (2) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

19. Arrange the following online travel companies in the order in which they were launched use the code given below :

(a) e Bookers.com
(b) Amadeus.net
(c) Travelocity.com
(d) Lastminute.com

**Code :**

(1) (c), (d), (a), (b)
(2) (a), (b), (c), (d)
(3) (a), (d), (c), (b)
(4) (c), (b), (d), (a)

20. In 1996 it was the first e-intermediary to enter the online travel market by a non - travel organisation ?

(1) Travelocity
(2) Make My Trip
(3) Expedia.com
(4) Cleartrip.com

21. Accordingly to behavioural segmentation, buyers are divided into groups based on :

(1) Knowledge, attitude, use or response to a product
(2) Occupation, Education, Religion of the Consumers
(3) Age, gender, family size
(4) Region, density of population, climate

22. Which one of the following is **not** a segmentation variable as per psychographic segmentation ?

(1) Social Class
(2) Life style
(3) Family Life Cycle
(4) Personality

23. Which one of the following is/are the objective(s) of pricing strategy ?

(a) Current Profit Maximization
(b) Survival
(c) Market share maximization
(d) Differentiating the product offering

**Code :**

(1) Only (c)
(2) (a), (b), (c)
(3) (a), (b), (d)
(4) (b), (c), (d)

19. निम्नलिखित ऑनलाइन यात्रा कम्पनियों को उनकी स्थापना किए जाने के क्रम में व्यवस्थित करें। उत्तर के लिए नीचे दिए गए कूट का उपयोग करें :

(a) ई बुकर्स.कॉम (e Bookers.com) (b) एमेडस.नेट (Amadeus. net)

(c) ट्रेवेलोसिटी.कॉम (Travelocity.com) (d) लास्टमिनिट.कॉम (Lastminute.com)

**कूट :**

(1) (c), (d), (a), (b) (2) (a), (b), (c), (d)

(3) (a), (d), (c), (b) (4) (c), (b), (d), (a)

20. 1996 में किसी गैर यात्रा संगठन द्वारा ऑनलाइन यात्रा बाजार में उतारा जाने वाला प्रथम ई-मध्यस्थ निम्नलिखित में से कौन है?

(1) ट्रेवेलोसिटी (2) मेक माई ट्रिप

(3) एक्सपीडिया डॉट कॉम (4) क्लियरट्रिप डॉट कॉम

21. व्यवहारगत विभाजन के अनुसार क्रेताओं को समूह में किस आधार पर विभाजित किया जाता है?

(1) ज्ञान, मनोवृत्ति, उपयोग या उत्पाद के प्रति अनुक्रिया

(2) उपभोक्ताओं का पेशा, शिक्षा और धर्म

(3) उम्र, लिंग, परिवार का आकार

(4) क्षेत्र, जनसंख्या घनत्व, जलवायु

22. मनोआरेख विभाजन के अनुसार निम्नलिखित में से क्या विभाजन चर **नहीं** है?

(1) सामाजिक वर्ग (2) जीवन शैली

(3) पारिवारिक जीवन चक्र (4) व्यक्तित्व

23. निम्नलिखित में मूल्य निर्धारण नीति का उद्देश्य कौन सा/से है/हैं?

(a) वर्तमान लाभ अधिकतमीकरण (b) उत्तरजीविता

(c) बाजार हिस्सेदारी अधिकतमीकरण (d) उत्पाद पेशकश में विभेद करना

**कूट :**

(1) केवल (c) (2) (a), (b), (c)

(3) (a), (b), (d) (4) (b), (c), (d)

**24.** Match **List - I (Product Level)** with **List - II (Description)** and select the **correct** answer using the code given below the lists :

| **List - I (Product Level)** | **List - II (Description)** |
|---|---|
| (a) Core product | (i) Those services/goods that must be present for the guest to use the product |
| (b) Facilitating product | (ii) What the buyer is really buying |
| (c) Supporting product | (iii) Extra features to add value the product and help to differentiate it from competition |
| (d) Augmented product | (iv) Include accessibility atmosphere, customer interaction and customer participation |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**25.** Antarctic tourism is ostensibly managed by the provisions of the Antarctic treaty, signed in :

(1) 1949 (2) 1959 (3) 1969 (4) 1979

**26.** "Caring for the earth : A strategy for sustainability" that lists one of its nine principles for sustainable development as to "enable communities to care for their own environments" was adopted in 1991 by :

(1) UNDP (2) PATA (3) IUCN (4) Tourism concern

**27.** Neopopulism refers to an emphasis on 'community' and on 'participation' in taking into a account on the following :

(1) Income and employment (2) Development and conservation

(3) Displacement and rehabilitation (4) Tokenism and empowerment

**28.** Arrange the following International landmark events in order that were held. Use the code given below :

(a) UN Conference on Human Environment in Stockholm

(b) The Johannesburg World Summit on Sustainable Development

(c) The publication of World Conservation Strategy

(d) The Brundtland Commission's Report naming "Our Common Future"

**Code :**

(1) (a), (c), (d), (b) (2) (b), (c), (a), (d)

(3) (d), (c), (a), (b) (4) (c), (a), (d), (b)

24. **सूची - I ( उत्पाद स्तर )** को **सूची - II ( विवरण )** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से **सही** उत्तर का चयन करें।

| **सूची - I ( उत्पाद स्तर )** | **सूची - II ( विवरण )** |
|---|---|
| (a) प्रमुख उत्पाद | (i) वे सेवाएँ और वस्तुएँ जिसे अतिथि के उपयोग के लिए अवश्य रखा जाना चाहिए |
| (b) सुकर उत्पाद | (ii) जिसका वास्तव में क्रेता क्रय कर रहा है |
| (c) सहायक उत्पाद | (iii) उत्पाद के मूल्य संवर्धन और इसे प्रतिस्पर्धी से अलग रखने में सहायता के लिए अतिरिक्त विशेषता |
| (d) आवर्धित उत्पाद | (iv) इसमें सुगम्यता, परिवेश ग्राहक अनुक्रिया और ग्राहक भागीदारी शामिल होता है। |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iv) | (i) | (iii) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

25. अंटार्कटिक पर्यटन कथित रूप से अंटार्कटिक संधि के उपबन्धों द्वारा प्रबन्धित होता है, इस संधि पर हस्ताक्षर हुआ था :

(1) 1949 में (2) 1959 में (3) 1969 में (4) 1979 में

26. ''पृथ्वी की देख-रेख : निरन्तरता के लिए एक रणनीति'' सतत विकास के लिए इसके नौ सिद्धांतों में से एक को ''सूचीबद्ध करता है ताकि समुदायों को अपने पर्यावरण की देख रेख के लिए सक्षम बनाया जा सके'' इसे 1991 में किसके द्वारा स्वीकृत किया गया था?

(1) यू एन डी पी (2) पी ए टी ए (3) आई यू सी एन (4) टूरिज्म कन्सर्न

27. नियोपोपुलिज्म का तात्पर्य निम्नलिखित में से किस पर विचार करते हुए 'समुदाय' और 'भागीदारी' पर बल देना है?

(1) आय और रोजगार (2) विकास और संरक्षण
(3) विस्थापन और पुनर्वास (4) प्रतीकवाद और सशक्तीकरण

28. निम्नलिखित महत्वपूर्ण घटनाओं को उनके आयोजन के क्रम में व्यवस्थित करें। उत्तर के लिए नीचे दिए गए कूट का उपयोग करें।

(a) स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन
(b) सतत विकास पर जोहान्सबर्ग विश्व शिखर सम्मेलन
(c) विश्व संरक्षण रणनीति का प्रकाशन
(d) ''अवर कॉमन फ्यूचर'' नामक बून्डलेन्ड आयोग का प्रतिवेदन।

**कूट :**

(1) (a), (c), (d), (b) (2) (b), (c), (a), (d)
(3) (d), (c), (a), (b) (4) (c), (a), (d), (b)

29. Name the city where the first Ecotourism Summit and Declaration on Ecotourism was held :
(1) Tokyo (2) Cape Town (3) The Hague (4) Quebec

30. Which one of the following is **correctly** matched ?
(1) A comprehensive examination of a marketing problem to understand its origin and nature - Problem Accounting
(2) Interviews with people very knowledgeable about the general topic to be investigated. - Experience Survey
(3) Interviews with lead users of the technology - User Survey
(4) Data originated by the researcher specifically to address the research problem. - Secondary Data

31. A distribution with positive kurtosis has many scores in the tails is known as :
(1) Leptokurtic (2) Bimodal (3) Randomization (4) Platykurtic

32. This consists of two lists of terms, the candidate has to match on item in one list with an item in the other. Choose your answer using the code given below :

| **List - I (Independent Variable)** | **List - II (Dependent Variable)** |
|---|---|
| (a) Predictor | (i) Response |
| (b) Stimulus | (ii) Consequence |
| (c) Antecedent | (iii) Criterion |
| (d) Manipulated | (iv) Measured Outcome |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

33. The "Stem - and - leaf display" is a technique that is closely related to the :
(1) Pareto diagram (2) Boxplots (3) Histogram (4) Mapping

34. Which of the following statements are **correct** ?
(a) Sample space is an attempt to produce a particular outcome which is neither certain nor impossible.
(b) Standard deviation of the two values is equal to half of their difference.
(c) If $f(x) = x^2 + 2$, then the given function is an odd function.
(d) Spurious correlation is the correlation between variables having no causal relation

**Code :**
(1) Both (a) and (b) (2) Both (b) and (d)
(3) Both (a) and (c) (4) Only (b)

29. प्रथम पारिस्थितिकी पर्यटन शिखर सम्मेलन और पारिस्थितिकी पर्यटन पर घोषणापत्र का आयोजन किस नगर में किया गया था ?

(1) टोक्यो (2) केप टाउन (3) द हेग (4) क्यूबेक

30. निम्नलिखित में से क्या **सही** रूप में सुमेलित है ?

(1) किसी विपणन समस्या के उद्‌भव और प्रकृति को समझने के लिए इसका व्यापक परीक्षण – समस्या लेखांकन

(2) अन्वेषण किए जाने वाले समान्य विषय के बारे में जानकर लोगों का साक्षात्कार – अनुभव सर्वेक्षण

(3) प्रौद्योगिकी के अग्रणी प्रयोक्ताओं के साथ साक्षात्कार – प्रयोक्ता सर्वेक्षण

(4) अनुसंधान समस्या के विशिष्ट समाधान के लिए शोधकर्ता द्वारा प्राप्त किए गए आँकड़ें – गौण आँकड़ें

31. सकारात्मक कुर्टोसिस के साथ संवितरण में पुच्छ में अनेक अंक होते हैं, इसे कहा जाता है :

(1) लेप्टोकुर्टिक (2) बाइमॉडल (3) यादृच्छिकरण (4) प्लेटिकुर्टिक

32. नीचे पदों की दो सूचियां दी गई हैं। अभ्यर्थी को **सूची - I** में दिए गए मदों को **सूची - II** से सुमेलित करना है। नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें :

| **सूची - I (स्वतंत्र चर)** | **सूची - II (आश्रित चर)** |
|---|---|
| (a) भविष्य | (i) अनुक्रिया |
| (b) उत्प्रेरक | (ii) परिणाम |
| (c) पूर्ववर्ती | (iii) मानदण्ड |
| (d) फेरबदल | (iv) मापित परिणाम |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

33. 'स्टेम - एण्ड - लिफ डिस्प्ले' तकनीक का निकट संबंध किससे है ?

(1) परेटो आरेख (2) बॉक्स प्लोट्स (3) हिस्टोग्राम (4) मैपिंग

34. निम्नलिखित में से कौन सा कथन **सही** हैं ?

(a) प्रतिदर्श अन्तराल एक विशेष परिणाम प्राप्त करने का प्रयास है जो न ही निश्चित और न ही असम्भव होता है।

(b) दो मूल्यों का मानक विचलन उनके अन्तर के आधे के बराबर होता है।

(c) यदि $f(x) = x^2 + 2$ तब दिया गया फलन विषम फलन होता है।

(d) अप्रमाणिक सहसंबंध बिना सामान्य (causal) संबंध के चरों के बीच का सहसंबंध है।

**कूट :**

(1) (a) और (b) दोनों (2) (b) और (d) दोनों

(3) (a) और (c) दोनों (4) केवल (b)

35. Read the following statements and choose your answer from the code given below the lists :

**Assertion (A) :** Employee training often focuses on areas where current service falls short of guest expectations.

**Reason (R) :** The employee training must be geared towards guest expectations.

**Code :**

(1) **(A)** is true but **(R)** is false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A).**

(3) **(A)** is false but **(R)** is true.

(4) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is not the correct explanation of **(A).**

36. Which is the proper progression in Maslow's hierarchy of needs ?

(1) Belonging, physical needs, safety, esteem and self - actualization

(2) Safety, physical needs, belonging, esteem and self - actualization

(3) Physical needs, safety, belonging, self - actualization and esteem

(4) Physical needs, safety, belonging, esteem and self - actualization

37. Match the items in **List - I (Decision making styles)** with **List - II (Description)** and select the correct answer using the code given below the lists :

| **List - I (Decision making style)** | | **List - II (Description)** | |
|---|---|---|---|
| (a) | Directive style | (i) | Entails having decision making skills looking at numerous alternative |
| (b) | Analytical style | (ii) | Concerned with having a low tolerance for ambiguity and rational thinking |
| (c) | Conceptual style | (iii) | Characterized by large tolerance for ambiguity |
| (d) | Behavioural style | (iv) | Entails being very receptive to suggestions and ideas from others |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

35. निम्नलिखित कथनों का पठन करें और नीचे दिए गए कूट से अपने उत्तर का चयन करें :

**अभिकथन (A) :** कर्मचारी प्रशिक्षण प्राय: उन क्षेत्रों पर ध्यान देता है जहाँ वर्तमान सेवाएँ अतिथियों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतरती हैं।

**तर्क (R) :** कर्मचारी प्रशिक्षण को अतिथि की अपेक्षाओं के उन्मुख होना चाहिए।

**कूट :**

(1) **(A)** सही हैं लेकिन **(R)** गलत है।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या है।

(3) **(A)** गलत है लेकिन **(R)** सही है।

(4) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(R)**, **(A)** की सही व्याख्या नहीं है।

36. मास्लो की आवश्यकता अधिक्रम में क्या उचित अनुक्रम है?

(1) जुड़ने की भावना, भौतिक आवश्यकताएँ, सुरक्षा, सम्मान और आत्मबोध

(2) सुरक्षा, भौतिक आवश्यकताएँ, जुड़ने की भावना, सम्मान और आत्मबोध

(3) भौतिक आवश्यकताएँ, सुरक्षा, जुड़ने की भावना, आत्मबोध और सम्मान

(4) भौतिक आवश्यकताएँ, सुरक्षा, जुड़ने की भावना, सम्मान और आत्मबोध

37. **सूची - I** के मदों **( निर्णय निर्माण शैलियाँ )** को **सूची - II ( विवरण )** के साथ सुमेलित करें और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन करें।

| **सूची - I ( निर्णय निर्माण शैलियाँ )** | | **सूची - II ( विवरण )** | |
|---|---|---|---|
| (a) | निदेशात्मक शैली | (i) | इसमें असंख्य विकल्पों पर विचार करते हुए निर्णय लेने का कौशल होता है |
| (b) | विश्लेषणात्मक शैली | (ii) | संदिग्धता और बौद्धिक चिन्तन के प्रति कम सहनशील होने से संबंधित |
| (c) | अवधारणात्मक शैली | (iii) | इसकी विशेषता संदिग्धता के प्रति अत्यधिक सहनशीलता है |
| (d) | व्यवहारगत शैली | (iv) | इसमें दूसरों के सुझावों और विचारों के प्रति काफी ग्रहणशील होना शामिल हैं |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |
| (4) | (i) | (iii) | (iv) | (ii) |

**38.** Arrange the following steps involved in the 'Information System Development Cycle' in the logical sequence. Use code given below the steps :

(a) Instalation of the System (b) Operation of the System

(c) Conceptualisation of the System (d) Development of the System

**Code :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (c), (d), (b) (3) (d), (c), (b), (a) (4) (c), (d), (a), (b)

**39.** Planning involves _____ .

(1) Establishing objectives and specifying how they are accomplished.

(2) Evaluating whether outcomes match objectives.

(3) Managing action that focus resources on achieving sustained competitive advantage.

(4) Determining fit between organizational competencies and opportunities and threats.

**40.** In the recruitment and selection process which one of the following is **not** the source from which the applications are received ?

(a) Employee referrals (b) Advertising

(c) Colleges and Universities (d) Competitors

**Code :**

(1) (a), (b), (c) (2) Only (d) (3) (a), (c), (d) (4) Only (c)

**41.** Cash flow statement classifies cash flow according to :

(1) Inflow and Outflow

(2) Operating, investing and financing activities

(3) Operating and non - operating flows

(4) Sources and application of funds

**42.** Valuing the inventory in 'trade at net realisable value or cost price whichever is lower' is an example of the convention :

(1) Conservatism (2) Consistency (3) Matching (4) Dual Aspect

38. 'सूचना पद्धति विकास चक्र' में शामिल निम्नलिखित कदमों को तार्किक क्रम में व्यवस्थित करें। उतर के लिए नीचे दिए गए कूट का उपयोग करें :

(a) पद्धति की स्थापना (b) पद्धति का संचालन

(c) पद्धति की परिकल्पना करना (d) पद्धति का विकास

**कूट :**

(1) (a), (b), (c), (d) (2) (a), (c), (d), (b) (3) (d), (c), (b), (a) (4) (c), (d), (a), (b)

39. नियोजन में शामिल है :

(1) उद्देश्यों का निर्धारण और यह दर्शाना कि उन्हें किस प्रकार प्राप्त किया जा सकता है।

(2) इस बात का मूल्याकंन करना कि क्या परिणाम उद्देश्य से सुमेलित होते हैं।

(3) उन कार्यों का प्रबन्धन करना जो संसाधनों को सतत प्रतिस्पर्धी लाभ प्राप्त करने पर केन्द्रीत करता है।

(4) संगठनात्मक दक्षताओं और अवसरों और खतरों के बीच सही सामंजस्य का निर्धारण

40. भर्ती एवं चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित में से क्या वह स्रोत **नहीं** है, जिससे आवेदन प्राप्त होते हैं?

(a) कर्मचारी संदर्भ (b) विज्ञापन

(c) कॉलेज एवं विश्विद्यालय (d) प्रतिस्पर्धी

**कूट :**

(1) (a), (b), (c) (2) केवल (d) (3) (a), (c), (d) (4) केवल (c)

41. नकद प्रवाह विवरण नकद प्रवाह को किसके अनुसार वर्गीकृत करता है?

(1) अन्त:प्रवाह और बहिप्रवाह

(2) प्रचालनात्मक, निवेश और वित्तपोषण संबंधी कार्यकलाप

(3) प्रचालनात्मक और अ-प्रचालनात्मक प्रवाह

(4) निधियों का स्रोत और अनुप्रयोग

42. 'कुल प्राप्य मूल्य या लागत मूल्य, जो भी कम हो, पर व्यापार' में सूची का मूल्यांकन किस परम्परा का उदाहरण है ?

(1) संरक्षण (2) निरन्तरता (3) सुमेलन (4) दोहरा पहलू

**43.** Arrange the following measures of computation of cost of equity in the ascending order of accuracy use code given below :

(a) Dividend - Price Ratio

(b) Earning - Price Ratio

(c) Dividend - Price Plus Growth Ratio

(d) Capital Asset Pricing Model

**Code :**

(1) (d), (c), (b), (a) (2) (b), (a), (c), (d) (3) (a), (b), (c), (d) (4) (c), (d), (a), (b)

**44.** In the following information pertains to Tourism Company :

(a) Called up Equity Share Capital : ₹ 10,00,000

(b) Calls in Advance : ₹ 90,000

(c) Calls in Arrear : ₹ 1,10,000

(d) Proposed Dividend : ₹ 12%

Amount of dividend for the year would be :

(1) ₹ 1,20,000 (2) ₹ 1,06,800

(3) ₹ 96,000 (4) ₹ 1,17,600

**45.** Match the items in **List - I** with those in **List - II** and select the correct answer using the code given below :

| | **List - I** | | **List - II** |
|---|---|---|---|
| (a) | Investment Decision | (i) | Current assets |
| (b) | Financing Decision | (ii) | Retained earnings |
| (c) | Dividend Decision | (iii) | Capital structure |
| (d) | Liquidity Decision | (iv) | Capital budgeting |

**Code :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**43.** इक्विटी लागत की संगणना के निम्नलिखित उपायों को उनके सटीकता के आरोही क्रम में व्यवस्थित करें उत्तर के लिए नीचे दिए गए कूट का उपयोग करें :

(a) लाभांश – कीमत अनुपात

(b) आय – कीमत अनुपात

(c) लाभांश – कीमत जोड़ वृद्धि अनुपात

(d) पूँजी परिसंम्पत्ति कीमत निर्धारण मॉडल

**कूट :**

(1) (d), (c), (b), (a) (2) (b), (a), (c), (d) (3) (a), (b), (c), (d) (4) (c), (d), (a), (b)

**44.** निम्नलिखित सूचना पर्यटन कम्पनी से संबंधित है :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | माँगी गई अंशपूँजी | : | ₹ 10,00,000 |
| (b) | अग्रिम माँग | : | ₹ 90,000 |
| (c) | बकाया माँग | : | ₹ 1,10,000 |
| (d) | प्रस्तावित लाभांश | : | ₹ 12% |

वर्ष के लिए लाभांश की राशि होगी :

(1) ₹ 1,20,000 (2) ₹ 1,06,800

(3) ₹ 96,000 (4) ₹ 1,17,600

**45.** **सूची – I** में दिए गए मदों को **सूची – II** में दिए गए मदों से सुमेलित करें। नीचे दिए गए कूट का उपयोग करते हुए सही उत्तर का चयन करें।

| **सूची – I** | | **सूची – II** | |
|---|---|---|---|
| (a) | निवेश निर्णय | (i) | वर्तमान परिसम्पत्ति |
| (b) | वित्तपोषण निर्णय | (ii) | प्रतिधारित आय |
| (c) | लाभांश निर्णय | (iii) | पूंजी संरचना |
| (d) | तरलता निर्णय | (iv) | पूँजी बजट निर्माण |

**कूट :**

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

**Read the passage below and answer the questions that follow based on your understanding of the passage. Answer the questions (46 - 50) :**

The *Mehman - Khanah* of the Taj Mahal was similarly converted into a closed quarter and was regularly let to the British honey - mooners, it is astounding to note that the Taj Mahal itself was put up for sale by duction for the value of its marble, at the instance of William Bentinck, and a News item to this effect was published in the English daily Jhon Bull of Calcutta, on July 26, 1831, but for the timely intervention of a conscientions military officer, this most beautiful, wonderful and representative monument of the Medieval period would have been dismantled and destroyed only for the sake of its marble, and lost to us for ever. This would have certainly left the medieval period barren and barbarous, as the British rulers actually wanted to represent it to the posterity.

This happens in all ages and in all countries and this is the universal truth. Whenever the people are ignorant of their history, and have no understanding and awareness of their architectural heritage, and owing to this ignorance, they do not feel proud of it and are not emotionally attached to it, they almost carry it an their shoulders like a dead weight which they drop as easily as one drops nails and hair. This is what precisely happened under the East India Co. The people disowned their own architectural heritage and the British could play havoc upon them, freely, in pursuance of their policy to tarnish the glorious legacy of the Mughals when they had supplanted in the paramountcy of Hindustan.

**46.** The World renowned monument known as Taj Mahal was built by a Mughal emperor in memory of :
(1) Qandhari Begum
(2) Nur Jahan
(3) Arjumand Bano nee Mumtaz Mahal
(4) Dilras Bano

**47.** William Bentick, an employee of the East India company was the :
(1) Chief Commander of the British Army
(2) Governor - General
(3) Director - General of Archaeology
(4) Director - General of the Indo - British Army

**48.** Point out from the following which monument was blown up in 1832 by the Britishers for building barracks ?
(1) Rauza - i Diwanji Begum (2) Buland Bagh
(3) Tomb of Jodha Bai (4) Tomb of Mariam Zamani

**49.** Which of the following statement is **not** correct ?
(1) The spacious Qandhari Bagh containing several monuments evincing a magnificent architectural heritage of India were sold to the princes of Bharatpur and Bhadawar.
(2) Marble used for building was brought from Makrana, Rajasthan.
(3) Marble used for construction of Taj Mahal was so fine and of high quality that the colnrial government wanted to sell it.
(4) Indian people were so conscious about their rich and unique heritage that they protested against William Bentinck and the monument was saved.

**50.** The above paragraph is called from the following book :
(1) *Architecture of Mughal India*, by Catherine B. Asher.
(2) *Agra and Its Monuments*, by R. Nath.
(3) *The Taj Mahal at Agra*, by Syed Athar Abbas Rizvi.
(4) *The Wonder that Was India*, vol - II, by S.A.A. Rizvi.

**- o 0 o -**

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और प्रश्न संख्या (46 - 50) तक के प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

*मेहमान खाना* को उसी प्रकार प्रतिबन्धित आवास में बदल दिया गया तथा ब्रिटीश हनी-मूनर्स को आने की अनुमति नियमित रूप से दी जाने लगी। यह नोट करना आश्चर्यजनक है कि पूरे ताजमहल को विलियम बेन्टिक के कहने पर इसके संगमरमर के मूल्य के कारण नीलामी के जरिए बिक्री हेतु रखा गया था और इस आशय समाचार 26 जुलाई, 1831 को कलकत्ता के अंग्रेजी दैनिक जॉन बुल में छपा था लेकिन एक कर्तव्यनिष्ठ सैन्य अधिकारी के समय पर किए गए हस्तक्षेप के कारण मध्यकाल का यह अति-सुन्दर, आश्चर्यजनक और प्रतिनिधि स्मारक केवल अपने संगमरमर के कारण ध्वस्त और नष्ट होने तथा हमसे सदा के लिए खोने से बच गया। इसने अवश्य ही मध्यकाल को बंजर और बर्बर बना दिया होता जैसा कि ब्रिटीश शासक आनेवाली पीढ़ी के समक्ष निरूपित करना चाहते थे।

ऐसा सभी कालों और देशों में होता रहा है और यह सार्वभौमिक सत्य है। जब कभी लोग अपने इतिहास से अनभिज्ञ होते हैं और उन्हें अपने पुरातात्त्विक विरासत की समझ और जागरूकता नहीं होती है और इस अनभिज्ञता के कारण उन्हें इस पर गर्व नहीं होता है और वे इससे भावनात्मक रूप से जुड़े नहीं होते हैं, वे अपने कन्धों पर इसे भार की तरह ढोते रहते हैं जिसे वे अपने नाखूनों और बालों की तरह आसानी से छोड़ सकते हैं। यही ईस्ट इंडिया कम्पनी के अन्तर्गत हुआ। लोगों ने अपने पुरातात्त्विक विरासत का त्याग किया और ब्रिटीश ने मुगलों, की गौरवशाली विरासत को मलिन करने की अपनी नीति के अनुशरण में स्वच्छन्दता से बर्बादी का खेल खेला, जिनका स्थान उन्होंने हिन्दुस्तान की सर्वोच्चता में चलाकी से ले लिया था।

**46.** ताजमहल के नाम से प्रसिद्ध विश्व विख्यात स्मारक का निर्माण मुगल बादशाह ने किसकी याद में कराया था?

(1) क़न्धारी बेगम (2) नूरजहाँ

(3) अर्जुमन्द बानो अर्थात् मुमताज महल (4) दिलरास बानु

**47.** ईस्ट इंडिया कम्पनी का कर्मचारी विलियम बेंटिंक था :

(1) ब्रिटीश सेना का मुख्य कमांडर (2) गवर्नर जेनरल

(3) पुरातत्त्व का महानिदेशक (4) भारत-ब्रिटीश सेना का माहा निदेशक

**48.** निम्नलिखित में से किस स्मारक को ब्रिटीश द्वार बैरक के निर्माण के लिए 1832 में उड़ा दिया गया था?

(1) राउजा - ए दिवानजी बेगम (2) बुलन्द बाग

(3) जोधा बाई का मकबरा (4) मरियम जमानी का मकबरा

**49.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही **नहीं** है?

(1) भारत के शानदार पुरातत्त्विक विरासत को प्रदर्शित करने वाले अनेक स्मारकों वाले विस्तृत क़न्धारी बाग भरतपुर और भदावर के राजकुमारों को बेच दिया गया था।

(2) निर्माण में प्रयुक्त संगमरमर मकराना, राजस्थान से लाया गया था।

(3) ताजमहल के निर्माण में प्रयुक्त संगमरमर इतना अच्छा और अच्छी गुणवत्ता का था कि औपनेवेशिक सरकार इसका विक्रय करना चाहती थी।

(4) भारतीय अपने समृद्ध और अनोखे विरासत के प्रति इतने सचेत थे कि उन्होंने विलियम बेंटिंक का विरोध किया और स्मारक को बचा लिया गया।

**50.** उपर्युक्त गद्यांश निम्नलिखित में से किस पुस्तक से उद्धृत है?

(1) कैथराइन बी. अशेर की *आर्किटेक्चर ऑफ मुगल इंडिया*।

(2) आर. नाथ लिखित *आगरा एण्ड* इट्स मोनुमेन्ट्स।

(3) सैयद आर्थर अब्बास रिजवी लिखित *द ताजमहल एट आगरा*।

(4) एस.ए.ए. रिजवी लिखित *द वन्डर दैट वॉज इंडिया,* भाग - II।

**- o 0 o -**

**Space For Rough Work**